# वार्षिक प्रतिवेदन

## 2022-23

## राजकीय महाविद्यालय करसोग

## जिला मंडी (हिमाचल प्रदेश)

## वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह

## 24 मार्च, 2023

**मुख्यातिथि:**

**श्री ओम कान्त ठाकुर (IAS)**

**उपमंडल दंडाधिकारी, (नागरिक) करसोग**


प्रस्तुतकर्ता:

**डॉ. गुलशन महाजन**

**प्राचार्य, राजकीय महाविद्यालय करसोग**

**माननीय मुख्यातिथि श्री ओम कान्त ठाकुर जी (IAS) उपमंडल दंडाधिकारी, (नागरिक) करसोग, प्रतिष्ठित अतिथि गण**

महाविद्यालय के 27वें वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह में आपके आने पर हम सभी गौरवान्वित अनुभव कर रहे हैं | महाविद्यालय के शिक्षक, गैर शिक्षक वर्ग, अभिभावक संघ और विद्यार्थियों की ओर से मैं आप सभी गणमान्य अतिथियों का कार्यक्रम में पधारने पर हार्दिक स्वागत करता हूं |

मान्यवर ,

**महाविद्यालय: ऐतिहासिक पृष्ठभूमि**

अपने स्थापना वर्ष 1994 से लेकर आज तक अपने 28 साल के सफर में महाविद्यालय निरंतर प्रगति के पथ पर अग्रसर है। करसोग महाविद्यालय की उपलब्धियां इतिहास के सुनहरे पन्नों में दर्ज हैं । महाविद्यालय की स्थापना के समय छात्रों की संख्या केवल 187 थी जो वर्तमान में 2288 हो गयी है । विकास के पथ पर अग्रसर होते हुए महाविद्यालय ने अनेक उपलब्धियां अर्जित की हैं। महाविद्यालय ने न केवल संख्या में वृद्धि दर्ज की है अपितु शिक्षा में गुणात्मकता लाने का भी प्रयास किया है । वर्तमान में महाविद्यालय में कला, विज्ञान व् वाणिज्य संकायों में स्नातक स्तर तक शिक्षा प्रदान की जाती है । वर्तमान में अंग्रेजी, हिंदी और राजनीति शास्त्र विषयों में स्नातकोत्तर की कक्षाओं का भी प्रावधान है। इसके अतिरिक्त महाविद्यालय में इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय केंद्र (IGNOU) के अंतर्गत विविध शैक्षणिक कार्यक्रमों में अनेक विद्यार्थी शिक्षा अर्जित कर रहे हैं । महाविद्यालय में आधुनिक समय की मांग को समझते हुए विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए सूचना एवं प्रौद्यौगिक विभाग द्वारा अत्याधुनिक सुविधाओं से परिपूर्ण कंप्यूटर लैब भी उपलब्ध है और कंप्यूटर साइंस का कोर्स भी विद्यार्थियों के लिए प्रारम्भ किया गया है जिससे विद्यार्थी लाभान्वित होंगे ।

**CHOICE BASED CREDIT SYSTEM (CBCS):**

हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय ने वर्ष 2013-14 से स्नातक स्तर पर CBCS एवं सत्र प्रणाली लागू की है । वर्तमान में महाविद्यालय में CBCS के अंतर्गत स्नातक स्तर पर वार्षिक प्रणाली की कक्षाएं तीनों संकायों में सामान रूप से चल रही हैं । इसके अलावा स्नातकोत्तर स्तर पर अंग्रेजी ,हिंदी और राजनीतिक शास्त्र विषयों में भी शिक्षा प्रदान की जा रही है ।

**कार्यग्रहण, नियुक्तियां, स्थानांतरण एवं रिक्तियां :**

स्थानांतरण एवं कार्यग्रहण एक निरंतर चलने वाली प्रक्रिया है जिसके अंतर्गत कुछ लोग महाविद्यालय परिवार में सम्मिलित होते हैं तथा कुछ स्थानांतरित होकर अन्य संस्थानों में अपनी सेवाएं प्रदान करते हैं।

इस शैक्षणिक सत्र में महाविद्यालय परिवार में निम्नलिखित सदस्य सम्मिलित हुए हैं:

| क्रम संख्या | कर्मचारी का नाम | पद |
|---|---|---|
| 1 | डॉ. सावित्री देवी | सहायक आचार्या, हिंदी |
| 2 | डॉ. प्रेम प्रकाश | सहायक आचार्य, अर्थशास्त्र |
| 3 | प्रो. भीषम | सहायक आचार्य, समाजशास्त्र |
| 4 | डॉ. लोमेश्वर | सहायक आचार्य, वनस्पति विज्ञान |
| 5 | डॉ. प्रियंका धरेवला | सहायक आचार्य , कंप्यूटर साइंस |
| 6 | गोपाल गुलेरिया | अधीक्षक ग्रेड 1 |
| 7 | उमा दत्त | वरिष्ठ प्रयोगशाला सहायक |
| 8 | केशव राम | कनिष्ट प्रयोगशाला सहायक |
| 9 | सोहन लाल | कनिष्ट प्रयोगशाला सहायक |
| 10 | लच्छी राम | कनिष्ट प्रयोगशाला सहायक |

| | | |
|---|---|---|
| 11 | इंदिरा देवी | सेवादार |
| 12 | कांता देवी | सेवादार |
| 13 | खेम राज | सेवादार |
| 14 | मीरा देवी | सेवादार |
| 15 | प्रकाश चंद | सेवादार |
| 16 | गुलाबी देवी | सेवादार |

इस शैक्षणिक सत्र में महाविद्यालय से निम्न सदस्यों का स्थानान्तरण हुआ:

| *क्र०* | *कर्मचारी का नाम* | *पद* |
|---|---|---|
| 1 | डॉ लाभ सिंह | सहायक आचार्य (अर्थशास्त्र ) |
| 2 | प्रो वर्षा वर्मा | सहायक आचार्य (समाजशास्त्र) |
| 3 | प्रो शीतल चड़बाथिया | सहायक आचार्य (कंप्यूटर साइंस ) |
| 4 | प्रो कुशाल सिंह | सहायक आचार्य(हिन्दी ) |
| 5 | श्री ठाकुर सेन | वरिष्ठ प्रयोगशाला सहायक |
| 6 | श्री बृज भूषण | अधीक्षक |
| 7 | तारा चंद | सेवादार |
| 8 | गोमती देवी | सेवादार |
| 9 | मदन लाल | सेवादार |
| 10 | नरेश कुमार | सेवादार |
| 11 | गंगा राम | सेवादार |
| 12 | बालमू देवी | सेवादार |

महाविद्यालय में प्रवक्ताओं के कुल 36 पदों में से 22 पद कला संकाय, 11पद विज्ञान व् 3 पद वाणिज्य विभाग के स्वीकृत हैं। कला संकाय में 22 पदों में से 10 पद भरे गये हैं, शेष 12 पद रिक्त हैं । विज्ञान संकाय में 11 पदों में से 5 पद भरे गये हैं, शेष 6 पद रिक्त हैं । वाणिज्य संकाय में 3 पदों में से 2 पद रिक्त हैं । गैर शिक्षक कर्मचारी वर्ग के 24 पदों में 19 पद भरे गये हैं, शेष 5 पद रिक्त हैं। रिक्त पदों में वरिष्ठ प्रयोगशाला सहायक का 1पद, तबला वादक का 1 पद,1 पद Animal Collector व् पुस्तकालयाध्यक्ष का 1 पद शामिल हैं ।

**केंद्रीय छात्र संघ:**

हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय के निर्देशानुसार हर सत्र में महाविद्यालय में वरीयता के आधार पर केन्द्रीय छात्र संघ के सदस्य चयनित किए जाते हैं । इस सत्र में निम्न पदाधिकारी चयनित हुए:

| | | |
|---|---|---|
| अध्यक्ष | प्रियंका | विज्ञान स्नातक तृतीय वर्ष |
| उपाध्यक्ष | तेजस्विनी | कला स्नातक तृतीय वर्ष |
| सचिव | स्मृति | कला स्नातक द्वितीय वर्ष |
| सहसचिव | जितेंद्र | वाणिज्य स्नातक द्वितीय वर्ष |

**विद्यार्थियों की संख्या:**

वर्तमान में महाविद्यालय में 2288 छात्र-छात्राएं शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं । इसमें 1374 छात्राएं तथा 914 छात्र हैं । अनुसूचित जाति में 315 छात्राएं व 222 छात्र तथा अन्य पिछड़ा वर्ग के 55 छात्र व् 63 छात्राएं शिक्षा ग्रहण कर रही हैं । महाविद्यालय में गत तीन वर्षों का संकाय तथा कक्षावार विवरण निम्नलिखित है:

| कक्षा | कुल छात्र | | | कुल छात्राएं | | | कुल छात्र /छात्राएं | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 2020-21 | 2021-22 | 2022-23 | 2020-21 | 2021-22 | 2022-23 | 2020-21 | 2021-22 | 2022-23 |
| BA- I | 210 | 310 | 295 | 286 | 392 | 374 | 496 | 702 | 669 |
| BA- II | 200 | 203 | 229 | 295 | 327 | 375 | 495 | 530 | 604 |
| BA- III | 142 | 207 | 181 | 255 | 309 | 310 | 397 | 516 | 491 |
| B.Sc- I | 81 | 45 | 16 | 64 | 53 | 44 | 145 | 98 | 60 |

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| BSc- II | 45 | 41 | 34 | 46 | 56 | 45 | 91 | 97 | 79 |
| BSc- III | 22 | 42 | 42 | 38 | 44 | 56 | 60 | 52 | 98 |
| B.Com-I | 34 | 39 | 20 | 27 | 13 | 20 | 61 | 52 | 40 |
| B.Com-II | 53 | 33 | 32 | 33 | 19 | 14 | 86 | 81 | 46 |
| B.Com-III | 31 | 50 | 35 | 28 | 31 | 16 | 59 | 28 | 51 |
| PG I Sem | 14 | 16 | 15 | 40 | 61 | 61 | 54 | 66 | 76 |
| PG III Sem | 16 | 12 | 15 | 59 | 33 | 59 | 75 | 45 | 74 |
| कुल | 848 | 998 | 914 | 1171 | 1338 | 1374 | 2019 | 2336 | 2288 |

**वार्षिक परीक्षा परिणाम :**
किसी भी शिक्षण-संस्थान की गुणवत्ता वहां के शैक्षणिक वातावरण व परीक्षा परिणामों पर निर्भर करती है । महाविद्यालय का परीक्षा-परिणाम विश्वविद्यालय के परिणामों से अपेक्षाकृत बेहतर है । गत सत्र का वार्षिक परीक्षा परिणाम इस प्रकार रहा है:

| Class | College % | |
|---|---|---|
| MA English, Hindi and Political Science | 100% | |
| B.A III year | 93.4% | 472/505 |
| B.Sc.III YEAR | 90.3 | 75/83 |
| B. Com. III YEAR. | 85.3% | 70/82. |

**छात्रवृत्तियाँ:**
महाविद्यालय में छात्र-छात्राओं को कल्पना चावला छात्रवृत्ति योजना, इंदिरा गाँधी उत्कृष्ट छात्रवृति, प्रधानमंत्री यशस्वी छात्रवृत्ति अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति ,अन्य पिछड़ा वर्ग एवम आर्थिक पिछड़ा वर्ग, मुख्यमंत्री विद्यार्थी कल्याण योजना, दिव्यांग छात्रवृत्ति एवं केंद्रीय क्षेत्र छात्रवृत्ति योजना के अंतर्गत छात्रवृत्तियां प्रदान की जाती हैं। इस सत्र में इन छात्रवृत्ति योजनाओं के अन्तर्गत 229 विद्यार्थियों को 1954500 रुपये प्रदान किए गए ।

**महाविद्यालय पत्रिका: "कामाक्षा":**
महाविद्यालय पत्रिका "कामाक्षा" का प्रकाशन प्रतिवर्ष किया जाता है जो भावी लेखकों की अभिव्यक्ति का एक सशक्त माध्यम है । इस पत्रिका में विद्यार्थियों की छिपी हुई प्रतिभा को प्रदर्शित करते हुए अपनी रचनात्मकता व् सृजनशीलता को पुष्ट करने का अवसर मिलता है । कामाक्षा पत्रिका महाविद्यालय के उभरते हुए लेखकों के लिए एक सार्थक मंच है जिसमें वे अपनी स्वरचित रचनाओं के माध्यम से अपने मन के उदगारों को व्यक्त करते हैं ।

**पुस्तकालय:**
पुस्तकालय महाविद्यालय की आत्मा होती है । अतः पुस्तकालय की समृद्धि पर ही छात्रों का विकास निर्भर रहता है। महाविद्यालय के पुस्तकालय में विविध विषयों से सम्बंधित 13,731 पुस्तकें उपलब्ध हैं। छात्रों को सामान्य ज्ञान में जागरूक करने एवं प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी हेतु 30 पत्रिकाओं व् 6 अंग्रेज़ी- हिंदी समाचार पत्रों की व्यवस्था की गयी है ।

**अभिभावक-शिक्षक संघ:**

इस महाविद्यालय में अभिभावक- शिक्षक संघ का विधिवत पुनर्गठन सितम्बर 5, 2021 को अभिभावक-शिक्षक संघ की मुख्य संरक्षक प्राचार्य महोदय की देख-रेख में हुआ था जिसमें निम्नलिखित पदाधिकारियों का चयन किया गया :

| | |
|---|---|
| अध्यक्ष | श्री कमल नयन शर्मा |
| उपाध्यक्ष | श्रीमती सन्तोष कुमारी |
| सचिव | श्रीमती रूचि नारंग |
| सह सचिव | श्री हिरदा राम |
| कोषाध्यक्ष | श्री नन्द किशोर |
| सलाहकार | श्री पुष्प राज |

अभिभावक-शिक्षक संघ द्वारा विभिन्न विषयों में 7 प्राध्यापकों, तबला वादक, 2 सफाई कर्मचारियों, एक सुरक्षा कर्मचारी व् 1 कंप्यूटर संचालक की सेवाएं उपलब्ध करवाई गयी तथा महाविद्यालय के सृजनात्मक एवं विकासात्मक कार्यों में महत्वपूर्ण योगदान दिया।

**शिक्षेत्तर गतिविधियाँ:**

शिक्षा का उद्देश्य विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास करना है ताकि वे समाज में अपनी सफल भूमिका निभा सकें । शिक्षेत्तर गतिविधियाँ शिक्षा का अभिन्न अंग हैं और महाविद्यालय समय-समय पर सांस्कृतिक, खेलकूद तथा अन्य गतिविधियों का आयोजन करता रहता है । इस वर्ष भी विद्यार्थियों ने महाविद्यालय में तथा ऑनलाइन आधारित अनेक गतिविधियों में अपनी प्रतिभागिता सुनिश्चित कर सत्र को यादगार बनाया:

1. महाविद्यालय की NCC/NSS/R&R इकाई द्वारा 21 जून 2022 को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। इसमें महाविद्यालय छात्र- छात्राओं तथा शिक्षकों ने भाग लिया।
2. महाविद्यालय में हिंदी विभाग द्वारा 14 सितंबर 2022 को हिंदी दिवस मनाया गया जिसमें निबंध लेखन , काव्य पाठ एवं सम्भाषण प्रतियोगिताएँ करवाई गई | विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया |
3. महाविद्यालय में छात्राओं के लिए कन्या छात्रावास की सुविधा भी है। छात्रावास में वर्तमान में छात्राओं की संख्या 17 है ।

**रक्तदान शिविर**

"रक्तदान महादान" के अंतर्गत महाविद्यालय में "रक्तदान शिविर" का आयोजन दिनांक 1 दिसंबर 2022 को किया गया | इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राध्यापकों, कर्मचारियों और छात्र- छात्राओं ने रक्तदान किया।

**महिला प्रकोष्ट (वूमन सेल) :**

महाविद्यालय में छात्राओं की व्यक्तिगत समस्याओं एवं उनकी शिकायतों के निवारण हेतु महिला प्रकोष्ठ का गठन किया गया है जो प्रो रुचि नारंग के निर्देशन में कार्य कर रहा है। इस सत्र में 9 मार्च 2022 को महिला प्रकोष्ट द्वारा अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गया जिसमें संभाषण प्रतियोगिता , एकल नृत्य , सशक्त महिला प्रदर्शनी , गायन , समूह नृत्य,नाट्य मंचन आदि प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया |

**कैरियर कॉउंसलिंग सेल:**

- इस सत्र में भी "कैरियर काउंसलिंग सेल" ने विद्यार्थियों को जागरूक करने के लिए "सब्जेक्ट सोसाइटीज" की मदद से सत्र के शुरुआत में जागरूक करने की कोशिश की ,जिसके माध्यम से विद्यार्थियों को अपने

विषय से संबंधित विभिन्न प्रकार के रोजगार के अवसर जानने का मौका मिला। इसके अलावा कैरियर काउंसलिंग सेल ने दिनांक 12 सितंबर, 2022 को "सिविल सेवाओं में करियर के अवसर" विषय पर विद्यार्थियों के लिए वार्तालाप सत्र का आयोजन किया।

- 2 दिसंबर,2022 को "कानूनी क्षेत्र में संवैधानिक अधिकार और नौकरी के अवसर" विषय पर इंटरैक्टिव सत्र का आयोजन किया जिसमें "सब डिविजनल लीगल सर्विस कमेटी" की तरफ से एडवोकेट श्री बलजिंदर सिंह जी ने रिसोर्स पर्सन के रूप में अपनी सेवाएं प्रदान की।
- दिनांक 3 दिसंबर 2023 को "कर्मचारी चयन आयोग - चंडीगढ़" और "हिमाचल प्रदेश लोक सेवा आयोग" के माध्यम से उपलब्ध नौकरी के अवसर पर महाविद्यालय में "जागरूकता संवाद" का आयोजन किया। इसके अलावा महाविद्यालय में होने वाले विभिन्न कार्यक्रमों में भी प्रकोष्ठ विद्यार्थियों को नौकरी के विभिन्न अवसरों से संबंधित जागरूक करने के लिए मंच प्रदान करता रहा है।
- कैरियर काउंसलिंग सेल के माध्यम से महाविद्यालय में विद्यार्थियों को प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी हेतु विभिन्न प्रकार की प्रतियोगी परीक्षा संबंधित किताबें, मैगजीन और समाचार पत्रों को महाविद्यालय की लाइब्रेरी में उपलब्ध करवाता रहा है।

**साहित्यिक समिति :**

साहित्यिक समिति के अंतर्गत एम् ए हिंदी और अंग्रेजी के विद्यार्थियों के लिए “कालिदास जयंती” के अवसर पर पत्र वाचन सत्र का आयोजन किया गया | इसे कलिदास स्मृति दिवस के रूप में मनाया गया|

**जगदीश चंद्र बोस साइंस सोसायटी:**

विज्ञान संकाय की यह सोसाइटी विद्यार्थियों में विज्ञान के प्रति अभिरुचि उत्पन्न करने के लिए महाविद्यालय में प्रयासरत रहती है। इस सत्र में सोसाइटी के माध्यम से विद्यार्थियों को विज्ञान के क्षेत्र में उपलब्ध रोजगार के अवसरों से परिचित करवाने का कार्य सब्जेक्ट सोसाइटीज के माध्यम से किया गया। विज्ञान के क्षेत्र में होने वाली प्रगति पर भी सोसाइटीज समय-समय पर विद्यार्थियों को परिचित करवाती रहती है। इस वर्ष "राष्ट्रीय विज्ञान दिवस-2023" के उपलक्ष पर सोसाइटी द्वारा विभिन्न प्रतियोगिताए जैसे पोस्टर मेकिंग, स्लोगन राइटिंग, प्रोजेक्ट मेकिंग- फ्रॉम वेस्ट,प्रोजेक्ट मेकिंग (साइंस वर्किंग मॉडल), रंगोली प्रतियोगिता, भाषण प्रतियोगिता, क्विज प्रतियोगिता, पारंपरिक लोक नृत्य प्रतियोगिता, फोक डांस कंपटीशन, नाटक प्रतियोगिता, क्लासिकल, एकल डांस प्रतियोगिता आदि का आयोजन किया गया जिसमें महाविद्यालय के लगभग 102 छात्रों ने भाग लिया।

**"रोड सेफ्टी क्लब":**

महाविद्यालय में "रोड सेफ्टी नियमों एवं उसकी अनुपालना जागरूकता" संबंधित इस क्लब की शुरुआत 5 जनवरी 2021 में की गई थी। इस सत्र का जागरूकता अभियान प्रथम वर्ष के नवागंतुकों की स्वागत बैठक के दौरान किया गया। इसके अलावा जागरूकता के लिए विभिन्न सब्जेक्ट सोसाइटीज और क्लब्स द्वारा पूरे सत्र में समय समय पर आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों को माध्यम बनाया गया। 2 फरवरी,2023 को महाविद्यालय में क्लब के माध्यम से विद्यार्थियों में सड़क सुरक्षा नियम और उसका क्रियान्वयन,, दुपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट पहनना, कार चलाते समय सीट बेल्ट का उपयोग करना, सावधानी और अनिवार्य संकेत आदि का ज्ञान बढ़ाने के लिए वार्तालाप सत्र आयोजित किए गए। इसके अलावा 3 मार्च 2023 को महाविद्यालय से बस स्टैंड करसोग तक "सामाजिक जागरूकता रैली" भी निकाली गई ,जिसमें लगभग 300 विद्यार्थियों ने भाग लिया। दिनांक 5 मार्च, 2023 को विद्यार्थी जागरूकता हेतु "मेगाफेस्ट" का आयोजन महाविद्यालय

सभागार में किया जिसमें विभिन्न 16 प्रतियोगिताएं जैसे निबंध लेखन, नारा लेखन, पोस्टर बनाना, पेंटिंग बनाना, कार्टून बनाना, रोड सेफ्टी एग्जीबिशन, भाषण प्रतियोगिता, स्वरचित कविता पाठ, मोनो एक्टिंग, स्किट कंपटीशन, मूक अभिनय प्रतियोगिता के अलावा अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रतियोगिता के रूप में आयोजित किए गए। इस कार्यक्रम में लगभग 435 विद्यार्थियों ने भाग लिया। इन प्रतियोगिताओं के माध्यम से सभी को यातायात नियमों के अनुपालन,108 इमरजेंसी एंबुलेंस सेवा, गोल्डन ऑवर में दुर्घटना पीड़ितों की मदद और स्मार्ट सिटिज़न के रूप में व्यवहार करना आदि विभिन्न विषय बिंदुओं से परिचित करवाया गया।

**हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय युवा समारोह:**

हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय द्वारा हर वर्ष युवा समारोह आयोजित करवाया जाता है जिसमें महाविद्यालय के छात्र अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाते आए हैं।

युवा समारोह ग्रुप 2 का राजकीय महाविद्यालय नाहन में 18 अक्तूबर, 2022 से 20 अक्तूबर 2022 को हुआ। जिसमें महाविद्यालय के छात्र चिरन्जी लाल ने सितार वादन में तृतीय पुरस्कार और मनोज कुमार ने ग़ज़ल गायन में तृतीय स्थान प्राप्त कर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया।

**एन० सी० सी० (NCC):**

हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी महाविद्यालय की एनसीसी इकाई का प्रदर्शन उल्लेखनीय रहा है। डॉ यमुना शर्मा के नेतृत्व में हमारे महाविद्यालय की एनसीसी इकाई ने निम्नलिखित गतिविधियों में भा

- महाविद्यालय के 28 कैडेट्स ने 15 जून 2022 से 25 जून 2022 तक JNV कुनिहार में आयोजित ATC-219 कैम्प में भाग लिया।इस अवसर पर खेलकूद गतिविधियों करवाई गयी जिसमे बैडमिंटन डबल में कैडेट्स ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया तथा बॉलीबॉल और बास्केटबॉल में प्रथम स्थान प्राप्त किया।
- 21 जून 2022 को इकाई द्वारा विश्व योग दिवस मनाया गया जिसमें NCC कैडेट्स ने लोगों को योग करने के लिए जागरूक किया।
- महाविद्यालय के 32 कैडेट्स ने 25 जून 2022 से 4 जुलाई 2022 तक JNV कुनिहार में आयोजित ATC-220 कैम्प में भाग लिया।
- अगस्त, 2022 को आज़ादी का अमृत महोत्सव के अंतर्गत एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसका विषय "हर घर तिरंगा" रखा गया था। इसमें NCC कैडेट्स ने प्रभात फेरी में भी भाग लिया।
- 15 अगस्त 2022 को एनसीसी यूनिट ने बाकी दो यूनिट के साथ स्वतंत्रता दिवस मनाया।
- 15 अगस्त 2022 को एनसीसी इकाई में रैंक सेरेमनी का आयोजन भी किया गया जिसमे आठ कैडेट्स को रैंक दिए गए।
- 18 अगस्त 2022 को लेफ्टिनेंट यमुना शर्मा के नेतृत्व में एनसीसी द्वारा इकाई द्वारा बनौणी के जंगल में 40 पौधे लगाए गए।
- 3 नवंबर 2022 स्वीप में एनसीसी कैडेट्स ने भाग लिया व मतदान का महत्त्व बताया।
- 5 नवंबर 2022 को **कंबाइंड एनुअल ट्रेनिंग कैंप** 242 कैम्प इंडस इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी ऊना में 5 नवंबर से 12 नवंबर तक आयोजित हुआ जिसमें 30 कैडेट्स ने भाग लिया।
- एनसीसी इकाई द्वारा कांगड़ा ट्रिप का आयोजन किया गया जिसमें कैडेट्स ने ऐतिहासिक एवं धार्मिक स्थलों के दर्शन किए।
- 26 जनवरी 2023 को एनसीसी इकाई द्वारा गणतंत्र दिवस मनाया गया तथा एक परेड का आयोजन किया और तिरंगे को सलामी दी।

- 12 फरवरी 2023 को महाविद्यालय के 27 कैडेट्स ने एनसीसी बी सर्टिफिकेट परीक्षा थी जिसका आयोजन मंडी में किया गया।
- 19 फरवरी 2023 को महाविद्यालय के 25 कैडेट्स ने एनसीसी सी सर्टिफिकेट परीक्षा दी जिसका आयोजन मंडी में ही किया गया।
- 5 मार्च 2023 को महाविद्यालय में त्रिवेणी कार्यक्रम के दौरान एनसीसी इकाई द्वारा अनेक प्रतियोगिताओंमें भाग लिया गया ओर सभी कैडेट्स ने अनुशासन का पालन करते हुए। अपना कार्य पूरा किया।

**राष्ट्रीय सेवा योजना:**

महाविद्यालय में प्रतिवर्ष की तरह स्वयं सेवियों ने महाविद्यालय परिसर के सौंदर्यीकरण जागरूकता व पौधारोपण में भाग लिया। इसमें राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा जो कार्य किए गए इस प्रकार से है-

- महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के स्वयंसेवियों द्वारा 16 अप्रैल से 30 जून तक योग अभियान चलाया गया जिसमें स्वयंसेवियो ने ऑनलाइन तथा ऑफलाइन माध्यम से लोगों को योग के प्रति 70 दिन की योग गतिविधियों द्वारा जागरूक किया, इसमें 100 स्वयंसेवियों ने भाग लिया गया।
- महाविद्यालय के स्वयंसेवियों द्वारा "मिशन ज्ञानोदय" के अंतर्गत लगभग 800 पुस्तकें एकत्रित की गई और इसकी शुरुआत स्वयंसेवियों द्वारा अपने घर से ही की गई और इन पुस्तकों को स्वयंसेवियों द्वारा जरूरतमंदों तक पहुंचाया गया।
- स्वयंसेवियों ने 24 जुलाई से 15 अगस्त 2022 तक आजादी का अमृत महोत्सव के अंतर्गत "हर घर तिरंगा" के माध्यम से ऑनलाइन व ऑफलाइन माध्यम से तिरंगों के बारे में लोगों को जागरूक किया।
- महाविद्यालय के 8 स्वयं सेवियों निखिल शर्मा, जतिन, महेश , पूजा , डिंपल, नेहा, पूनम, पूजा ने 22 जुलाई से 25 जुलाई तक राजीव गाँधी नेशनल इंस्टिट्यूट ऑफ़ यूथ डेवलपमेंट में आयोजित NSS WORKSHOP चंडीगढ़ में भाग लिया।
- महाविद्यालय के स्वयंसेवियों ने 08 अगस्त 2022 को कॉलेज परिसर व शहीदी स्मारक पार्क के आस पास सफाई की जिसमे 20 स्वयंसेवियों ने भाग लिया।
- महाविद्यालय के स्वयंसेवियों ने 14 अगस्त 2022 को COTPA AMEDMENT 2022 के बारे में लोगों को जानकारी दी व बताया की इसमें अमेडमेंट के माध्यम से सिगरेट और तंबाकू उत्पाद के दुष्प्रभावों से कैसे बचा जाए। इसमें 10 स्वयंसेवियों ने भाग लिया।
- महाविद्यालय के स्वयंसेवियों द्वारा 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस के दौरान ड्रिल के माध्यम से देश के वीर जवानों को सलामी दी गई ।
- महाविद्यालय के 20 स्वयंसेवियों द्वारा 19 अगस्त को 40 पोधे लगाए गए व साथ ही पिछले लगाए गए पौधों का भी निरीक्षण किया गया।
- महाविद्यालय में 31 अगस्त 2022 को स्वयंसेवियों ने " VOTER AWARENESS PROGRAM UNDER THE SWEEP AND ELECTION LITEARY CLUB" के माध्यम से करसोग कॉलेज के विद्यार्थियों को वोट के बारे में जागरूक किया व नए वोटर कार्ड बनवाने में सहायता भी की। इसमें 50 स्वयंसेवियों ने भाग लिया।
- 24 सितंबर को महाविद्यालय में एनएसएस दिवस मनाया गया। जिसमें स्वयंसेवियों ने विभिन्न गतिविधियों में भाग लिया।

इस अवसर पर 150 स्वयंसेवियों ने भाग लिया।

- महाविद्यालय के 20 स्वयंसेवियों ने 27 व 28 सितंबर को नवरात्रि के अवसर पर सनारली भंडारे में अपनी सेवाएं दी।
- महाविद्यालय में 02 अक्टूबर 2022 को स्वयंसेवियों ने " महात्मा गांधी जी" की जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि दी व उनके योगदान को याद किया। इस दिन 100 स्वयंसेवी उपस्थित रहे।
- महाविद्यालय के स्वयंसेवियों द्वारा 15 अक्टूबर 2022 को गोद लिए गए गांव सानना में जाकर लोगों की समस्याएं सुनी गई व अनेक सुझाव भी दिए व उन्हें चुनाव से संबंधित जानकारी भी दी गई। इसमें 40 स्वयमसेवियों द्वारा भाग लिया गया।
- 18 अक्टूबर 2022 को एनएसएस स्वयंसेवियो के द्वारा " CLEAN INDIA" मिशन के अंतर्गत महाविद्यालय के आस - पास के क्षेत्रों की सफाई की गई। इसमें 70 स्वयंसेवियों ने भाग लिया ।
- 26 नवंबर 2022 को स्वयंसेवियों के द्वारा संविधान दिवस मनाया गया व उनके द्वारा संविधान की निष्ठा को बनाए रखने की प्रतिज्ञा ली गई।इसमें 30 स्वयंसेवियों ने भाग लिया ।
- महाविद्यालय से स्वयंसेवी मुकेश का चयन PRE-RD CAMP के लिए हुआ। यह कैंप 26 नवंबर 2022 से 5 दिसंबर 2022 तक पंजाब में लगाया जिसमें वालंटियर मुकेश ने हिमाचल प्रदेश का प्रतिनिधित्व किया ।
- महाविद्यालय की वालंटियर पूजा का कुरुक्षेत्र में आयोजित NIC के लिए चयन हुआ तथा यह 12 नवंबर से 18 नवंबर 2022 तक चला ।
- वालंटियर दयाल तथा वालंटियर पूजा का पंजाब (पटियाला) में आयोजित NIC के लिए चयन हुआ जिसमें इन्होंने 16 फरवरी से 22 फरवरी 2023 तक पंजाब में भाग लिया ।
- परिसर में 17 दिसंबर 2022 से 23 दिसंबर 2022 तक कार्यक्रम प्रभारी डॉ बीरबल सिंह और श्रीमती सोनिया चौधरी के मार्गदर्शन में सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन किया गया , जिसमें महाविद्यालय के 50 स्वयमसेवियों ने भाग लिया गया।
- महाविद्यालय के 10 स्वयंसेवियों जगदीश, दीपक, दयाल, मिथुनराज, खेमराज, पल्लवी, नेहा, साक्षी, मुस्कान व पूजा ने 2 जनवरी से 5 जनवरी 2023 तक RGNIYD द्वारा आयोजित NSS कार्यशाला चंडीगढ़ में भाग लिया।
- महाविद्यालय में 5 मार्च 2023 को त्रिवेणी का आयोजन किया गया जिसमें एनएसएस इकाई ने अनेक प्रतियोगिताओं में भाग लिया और स्वयंसेवियों ने अनुशासन का पालन करते हुए अपना कार्य पूरा किया।

**रोवर्ज एण्ड रेंजर्स (R&R):**

राजकीय महाविद्यालय की "रोवर रेंजर इकाई" प्रो. पंकज गुप्ता के मार्गदर्शन में कार्य कर रही है जिसकी स्थापना वर्ष 2011 में की गई थी। इस वर्ष इस इकाई की उपलब्धियां निम्नलिखित रही-

- महाविद्यालय के 8 रोवर और एक रेंजर की टीम ने नागरिक अस्पताल करसोग में दिनांक 7 से 9 अप्रैल, 2022 में आयोजित तीन दिवसीय मल्टीस्पेशलिटी मेडिकल कैंप में दिव्यांगजनों के आंखों के ऑपरेशन के दौरान सेवाएं प्रदान की।
- 3 रोवर्स और 2 रेंजर्स ने भारत स्काउट्स एंड गाइड, नई दिल्ली द्वारा आयोजित "राष्ट्रीय स्तरीय रोवर रेंजर कार्निवल" धर्मशाला (हिमाचल प्रदेश) में हिस्सा लिया तथा राष्ट्रीय स्तर पर ट्रेडिशनल फैशन शो में प्रथम स्थान, फोक सॉंग फेस्टिवल में द्वितीय स्थान, स्टेट एग्जीबिशन में तृतीय स्थान तथा स्टेट एक्सपोजिशन में प्रथम स्थान प्राप्त किया।

- आजादी का अमृत महोत्सव मनाने हेतु दिनांक 12अगस्त, 2022 को महाविद्यालय से आयोजित तिरंगा बाइक रैली में 18 रोवर्ज & रंजर्स ने भाग लिया।
- 75 वर्ष स्वर्ण जयन्ती अवसर पर आयोजित क्षण खंड स्तरीय स्वतंत्रता दिवस परेड में 17 रेंजर्स ने भाग लिया। 4 रोवर्स और 2 रेंजर्स की टीम ने "भारत -1947 से 2022 तक" थीम पर आयोजित भव्य **मूक अभिनय** प्रस्तुत किया। इसके अलावा महाविद्यालय की इकाई विभिन्न कार्यक्रमों में भागीदारी सुनिश्चित करती रही है।
- दिनांक 23 अगस्त, 2022 को यूनिट के 62 सदस्यों द्वारा "समाज में महिलाओं और बालिकाओं के खिलाफ घरेलू हिंसा को रोकने के लिए" महाविद्यालय से ममेल तक रैली निकाली गयी।
- दिनांक 24 अगस्त, 2022 को इकाई के 16 सदस्यों द्वारा राजकीय माध्यमिक स्कूल करसोग में छठी से आठवीं कक्षा के विद्यार्थियों के लिए शिक्षा सत्र का आयोजन किया गया जिसके माध्यम से उन्हें उच्चतर शिक्षा में आने के लिए विभिन्न प्रकार की कंपटीशन मैगजींस और समाचार पत्र पढ़ने के लिए प्रेरित किया गया। कक्षा 1 से 5 के विद्यार्थियों के लिए एक खेल सत्र का आयोजन किया गया।
- दिनांक 25 अगस्त 2022 को यूनिट के 17 रोवर रेंजर्स ने **"नागरिक सुरक्षा एवं आपदा प्रबंधन प्रशिक्षण"** अग्निशमन विभाग करसोग से प्राप्त किया।
- कॉलेज इकाई द्वारा दिनांक 26 अगस्त, 2022 को 16 रोवर्स & रेंजर्स के लिए "सीडरवुड एक्सट्रैक्शन फैक्ट्री"-सनारली में एक विशेष छात्र शैक्षिक दौरे की व्यवस्था की गई ताकि उनकी वैज्ञानिक प्रवृति को बढ़ाया जा सके।
- राज्य प्रशिक्षण संस्थान,रिवालसर में 26 अगस्त से 4 सितंबर 2022 तक आयोजित "निपुण टेस्टिंग कैंप" में 8 रोवर्स और 10 रेंजर्स ने भाग लिया और सभी ने इसे सफलतापूर्वक उत्तीर्ण किया।
- "विश्व शांति दिवस" 21 सितंबर, 2022 के उपलक्ष पर यूनिट के 65 सदस्यों द्वारा 35 पौधों का पौधारोपण टिकरी धार जंगल में किया गया।
- दिनांक 27 से 30 सितंबर, 2022 को 14 रोवर्स और रेंजर्स ने टेलरिंग कौशल सीखा और सभी यूनिट सदस्यों के लिए हाथ से बने स्कार्फ बनाए।
- दिनांक 1 से 4 अक्टूबर, 2022 तक मातारानी मंदिर सनारली में सामुदायिक भोज में 05 रोवर्स और 15 रेंजर्स ने सेवाएं प्रदान कीं।
- यूनिट के सदस्यों ने 2 अक्टूबर, 2022 को गांधी जयंती को **"गांधी मेरे मन में"** थीम पर मनाया। इस दौरान उन्होंने गांधी फिल्म देखी और उसके बाद महात्मा गांधी की शिक्षाओं,अहिंसा पर आधारित गांधीवादी दर्शन और **आज की दुनिया में गांधी जी की प्रासंगिकता** पर समूह चर्चा की।
- दिनांक 15 अक्टूबर, 2022 को प्रवेश छात्रों के प्रशिक्षण के लिए इकाई द्वारा एक दिवसीय "पायनियरिंग कौशल कार्यशाला" का आयोजन किया गया जिसमें 72 रोवर्स और रेंजर्स ने भाग लिया।
- सोलन जिले के नालागढ़ के पंझेड़ा में "भारत स्काउट्स एंड गाइड्स हिमाचल प्रदेश" द्वारा आयोजित "राज्य स्तरीय आत्मरक्षा कार्यशाला" में 06 रेंजर्स ने भाग लिया और योग्यता प्रमाण पत्र प्राप्त किया।
- हिमाचल विधानसभा चुनाव, 2022 के दौरान लोगों में चुनावी जागरूकता के लिए यूनिट के 07 छात्रों ने भारत निर्वाचन आयोग के स्वीप कार्यक्रम के लिए **"चुनावी साक्षरता नुक्कड़ नाटक"** तैयार किया। उन्होंने विधानसभा क्षेत्र करसोग के तहत लगभग 26 स्थानों और पंचायत क्षेत्रों में इस नुक्कड़ नाटक का प्रदर्शन किया। यूनिट ने 18 अक्टूबर से 05 नवंबर, 2022 तक सेवाएं प्रदान की।

- दिनांक 16 से 21 नवम्बर, 2022 तक राज्य प्रशिक्षण केन्द्र, रिवालसर में "**गणतंत्र दिवस पूर्व परेड चयन शिविर**' में 14 रोवर्स एवं रेंजर्स ने भाग लिया।
- दिनांक 1 दिसम्बर, 2022 को IQAC एवं त्रिवेणी सोसायटी द्वारा आयोजित रक्तदान शिविर में 13 रोवर्स एवं रेंजर्स ने भाग लिया।
- इकाई द्वारा दिनांक 12 दिसम्बर, 2022 को प्रवेश परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया।
- महाविद्यालय के लिए यह बहुत गौरव का विषय था कि महाविद्यालय के छात्रों को प्रथम बार किसी अंतरराष्ट्रीय स्तर के कार्यक्रम का हिस्सा बनने का मौका मिला।महाविद्यालय यूनिट के प्रभारी प्रो पंकज गुप्ता के नेतृत्व में 24 छात्रों (10 रेंजर्स और 14 रोवर्स) का चयन "**इंटरनेशनल कल्चर जंबूरी कर्नाटक**" के लिए हुआ, जिसके माध्यम से विद्यार्थियों ने अंतरराष्ट्रीय स्तर की स्काउटिंग के गुर सीखे।इस कार्यक्रम का आयोजन "भारत स्काउट्स एंड गाइड- इंडिया' के द्वारा "अलवास इंस्टिट्यूट, दक्षिणा कन्नड़, कर्नाटक में दिनांक 21 से 27 दिसंबर ,2022 के दौरान किया गया।
- राजकीय महाविद्यालय कोटशेरा जिला शिमला में आयोजित "राज्य स्तरीय गणतंत्र दिवस परेड समारोह शिविर" के लिए 8 छात्रों का चयन हुआ । महाविद्यालय के लिए खुशी की बात यह रही कि इनमें से 6 विद्यार्थियों को राज्य गणतंत्र दिवस परेड में प्रतिनिधित्व करने का मौका मिला।
- "खंड स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह" में 10 रेंजर्स और 6 रोवर ने राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला करसोग में भाग लिया ,इसके साथ साथ एक रोवर और 5 रेंजर्स की टीम ने "दर्पण बता बचपन कहां" विषय पर "मूक अभिनय" भी प्रस्तुत किया।
- दिनांक 22 फरवरी 2023 को यूनिट के सदस्यों के द्वारा महाविद्यालय में एक दिवसीय "उद्यान सौंदर्यीकरण और स्वच्छता अभियान" चलाया गया।
- 2-3 मार्च,2023 को यूनिट के सदस्यों ने "सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान व रैली"बढ़ चढ़कर भाग लिया, इसके अलावा 5 मार्च को रोड सेफ्टी क्लब के कार्यक्रम में यूनिट के सदस्यों ने सराहनीय प्रदर्शन किया।

**खेलकूद गतिविधियाँ:**

- अध्ययन के साथ-साथ खेलकूद गतिविधियों का भी विद्यार्थी जीवन में महत्वपूर्ण स्थान है। इस सत्र में महाविद्यालय ने विभिन्न प्रतिस्पर्धाओं में भाग लिया।
- राजकीय महाविद्यालय नगरोटा बगवां में 1 नवंबर 2022 से 4 नवंबर 2022 तक आयोजित बॉक्सिंग चैंपियनशिप में पुरुष वर्ग में अजय बीए तृतीय वर्ष गौतम बीए प्रथम वर्ष तथा मुनीष बीए तृतीय वर्ष में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया और कांस्य पदक अपने नाम किया।
- राजकीय महाविद्यालय रिकांगपिओ में 17 नवंबर 2022 से 20 नवंबर 2022 तक आयोजित बॉक्सिंग चैंपियनशिप महिला वर्ग में सिमरन बीए तृतीय वर्ष दिव्यांशु बीए द्वितीय वर्ष ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया और कांस्य पदक अपने नाम किया तथा इशिता बीए प्रथम वर्ष में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए रजत पदक प्राप्त किया।
- राजकीय महाविद्यालय नालागढ़ में 29 नवंबर 2022 से 30 नवंबर 2022 तक आयोजित खो खो प्रतियोगिता महिला वर्ग में प्रियंका बीकॉम प्रथम वर्ष के अच्छा प्रदर्शन किया तथा उसका चयन इंटर यूनिवर्सिटी के लिए हुआ।

**शिक्षक वर्ग की व्यक्तिगत उपलब्धियां:**

- महाविद्यालय के प्राध्यपक अध्यापन के साथ -साथ अध्ययन में भी संलग्न रहते हुए अपनी प्रतिभा को विकसित करते रहते हैं। इस सत्र में महाविद्यालय के प्राध्यापकों ने अपने-अपने विषयों में विभिन्न स्थानों पर शोधपत्र प्रस्तुत किए और प्रस्तोता के रूप में विभिन्न स्थानों पर व्याख्यान दिए:

**श्रीमती रूचि नारंग (सहायक आचार्य, गणित विभाग):**

- श्रीमती रूचि नारंग ने हिमाचल गणित परिषद द्वारा आयोजित दूसरी अंतर्राष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस Trends in Mathematical Sciences ICRTMS-2022 में MDS-Block Hankel-Like Rhotrices using self duel Basis and Conjugate Elements of Finite Field नामक शोध पत्र 27-28 दिसम्बर, 2022 को प्रस्तुत किया।
- इन्होंने टीचिंग लर्निंग सेंटर रामानुजन कॉलेज यूनिवर्सिटी ऑफ दिल्ली द्वारा आयोजित दो सप्ताह का रिफ्रेशर कोर्स ऐप्लिकेशन मैथमैटिक्स 26 जुलाई, 2022 से 8 अगस्त, 2022 को पूरा किया।
- इनका शोध पत्र " MDS-Block Hankel-Like Rhotrices using Self Dual Basis and Conjugate Elements of Finite Field" बुलेटिन ऑफ प्योर एंड अप्लाइड साइंस में दिसंबर 2022 को प्रकाशित हुआ।

**डॉ० प्रेम प्रकाश (सहायक आचार्य, अर्थशास्त्र विभाग)**

- डॉ प्रेम ने टीचिंग लर्निंग सेंटर, रामानुजन कॉलेज, दिल्ली विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित 6 से 20 फरवरी 2023 को **अर्थशास्त्र में ऑनलाइन रिफ्रेशर कोर्स** में भाग लिया तथा सफलता पूर्वक पूरा किया।
- इन्होंने हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय अर्थशास्त्र विभाग द्वारा 16 -17 सितम्बर 2022 को आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी "भारत में समावेशी विकास रणनीतियां : चुनौतियां एवं भविष्य में सम्भावना " में भाग लिया तथा **"MSMEs: समावेशी विकास में इसका महत्व"** विषय पर अपना शोध पत्र प्रस्तुत किया।
- राजकीय महाविद्यालय संजौली द्वारा 22 -23 दिसम्बर 2022 को आयोजित **"डिजिटल इंडिया: अवधारणा और निहितार्थ"** विषय पर राष्ट्रीय संगोष्ठी में भाग लिया तथा उच्च शिक्षा में "डिजिटल टेक्नोलॉजी के उपयोग में शिक्षक की भागीदारी" शीर्षक पर शोध पत्र प्रस्तुत किया।
- इन्होंने इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय, नई दिल्ली द्वारा आयोजित "विश्वविद्यालय और कॉलेज शिक्षकों के लिए NEP 2020 के कार्यान्वयन" पर यूजीसी द्वारा अनुमोदित अल्पकालिक व्यावसायिक विकास कार्यक्रम में 21 से 29 सितंबर, 2022 तक भाग लिया और सफलतापूर्वक पूरा किया।
- इन्होंने यूजी कक्षाओं में नई शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 के कार्यान्वयन के लिए अर्थशास्त्र विभाग, हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय शिमला द्वारा गठित समिति के सदस्य के रूप में दिसंबर 2022 में भाग लिया।

**श्री पंकज गुप्ता (सहायक आचार्य, जीव विज्ञान विभाग):**

- श्री पंकज गुप्ता ने स्काउट्स एंड गाइड हिमाचल प्रदेश द्वारा आयोजित **"स्टेट स्ट्रैटेजिक प्लानिंग रिव्यू वर्कशॉप"** में दिनांक 18 से 20 जुलाई 2022 में भाग लिया।
- इन्होंने भारत स्काउट्स एंड गाइड हिमाचल प्रदेश द्वारा आयोजित **"स्टेट लेवल एडवांस कोर्स"** में 25 से 31 जुलाई, 2022 में भाग लिया और इसे सफलतापूर्वक उत्तीर्ण किया।
- हिमाचल प्रदेश विधानसभा चुनाव वर्ष 2022 के अंतर्गत करसोग विधानसभा क्षेत्र 26 में इन्होंने **"स्वीप नोडल ऑफिसर"** एवं "लाइव स्ट्रीमिंग वेबकास्टिंग अधिकारी" के रूप में अपनी सेवाएं प्रदान की।
- भारत स्काउट्स एंड गाइड हिमाचल प्रदेश द्वारा आयोजित **"मेंबरशिप ग्रोथ टीम बिल्डिंग वर्कशॉप"** में इन्होंने 14 से 17 अक्टूबर, 2022 में भाग लिया और "दक्षता प्रमाण पत्र" प्राप्त किया।

- भारत स्काउट्स एवं गाइड्स कर्नाटक द्वारा आयोजित भारत की प्रथम **"इंटरनेशनल कल्चरल जंबूरी"** में दिनांक 21 से 27 दिसंबर, 2022 को भाग लिया और महाविद्यालय के 24 विद्यार्थियों के दल के इंचार्ज के रूप में भी वहां सेवाएं प्रदान की।
- इन्होंने मानव संसाधन विकास केंद्र हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय, शिमला द्वारा दिनांक 06 मार्च से 18 मार्च, 2023 तक आयोजित बायोसाइंसेस के "रिफ्रेशर कोर्स" में भाग लिया और योग्यता प्रमाण पत्र प्राप्त किया।
- राज्य प्रशिक्षण संस्थान,रिवालसर में 26 अगस्त से 4 सितंबर 2022 तक आयोजित "निपुण टेस्टिंग कैंप" 8 रोवर्स और 10 रेंजर्स ने भाग लिया और सभी ने इसे सफलतापूर्वक उत्तीर्ण किया।
- "विश्व शांति दिवस" दिनांक 21 सितंबर, 2022 के उपलक्ष पर यूनिट के 65 सदस्यों द्वारा 35 पौधों का पौधारोपण टिकरी धार जंगल में किया गया।
- दिनांक 27 से 30 सितंबर, 2022 को 14 रोवर्स और रेंजर्स ने टेलरिंग कौशल सीखा और सभी यूनिट सदस्यों के लिए हाथ से बने स्कार्फ बनाए।

**सुश्री विद्या देवी (सहायक आचार्या, वाणिज्य विभाग) :**

- सुश्री विद्या देवी का शोध पत्र “CSR: A Study of Parvati Kullu in Himachal Pradesh” नामक पत्र National Journal of Commerce and Management पत्रिका में प्रकाशित हुआ।
- इन्होंने राजकीय शिक्षक शिक्षा महाविद्यालय धर्मशाला से 26 सितम्बर 2022 से 1 अक्टूबर 2022 तक सात दिवसीय सेवा शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम (दक्षता निर्माण) में भाग लिया।

**डॉ० सावित्री देवी (सहायक आचार्या, हिंदी विभाग):**

- डॉ० सावित्री देवी ने स्वामी विवेकानंद राजकीय महाविद्यालय निहरी और प्रतिभा स्पंदन सोसायटी शिमला द्वारा आयोजित सात दिवसीय e-workshop “How to Write a Research Paper” में भाग लिया, जिसका आयोजन 5 दिसंबर 2022 से 9 जनवरी, 2023 को किया गया।
- इनका शोध पत्र “वर्तमान समय में कबीर की प्रासंगिकता” नामक शोध पत्र “आभ्यंतर” पत्रिका में मार्च, 2023 को प्रकाशित हुआ।

**श्रीमती सोनिया चौधरी (सहायक आचार्य राजनीतिक शास्त्र विभाग):**

- श्रीमती सोनिया चौधरी ने स्वामी विवेकानंद राजकीय महाविद्यालय निहरी और प्रतिभा स्पंदन सोसाइटी शिमला द्वारा आयोजित एक सप्ताह की e-workshop “How to Write a Research Paper” 5 दिसंबर 2022 से 12 दिसंबर,2022 में भाग लिया।
- इन्होंने टीचिंग लर्निंग सेंटर रामानुजन कॉलेज, विश्वविद्यालय दिल्ली द्वारा आयोजित रेफ्रेशर कोर्स विषय राजनीतिक शास्त्र 26 दिसंबर,2022 से 9 जनवरी, 2023 में भाग लिया और सफलतापूर्वक पूरा किया।

**डॉ० लीलाधर (सहायक आचार्य अंग्रेजी विभाग):**

- डॉ. लीला धर की पुस्तक Muslim Perspective on Partition “पार्टिशन न्यू दिल्ली ऑथर्स प्रेस से फरवरी 2023 को प्रकाशित हुई।
- इनका शोध पत्र “Oral History and Eco critical Reading of Select Folktales of Devi, Devta and Pandavas in Karsog Valley of Himachal Pradesh” International Journal of Research and Analytical Reviews” में प्रकाशित हुआ।

- राजकीय महाविद्यालय संजौली द्वारा 22 -23 दिसम्बर 2022 को आयोजित "डिजिटल इंडिया: अवधारणा और निहितार्थ" विषय पर राष्ट्रीय संगोष्ठी में भाग लिया तथा "Preserving Culture and Literature through Digital Platform : A Study of select Indian Writers" शीर्षक पर शोध पत्र प्रस्तुत किया।

**श्री डालिम कुमार (सहायक आचार्य , हिन्दी विभाग):**

- श्री डालिम कुमार इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय, नई दिल्ली द्वारा आयोजित "विश्वविद्यालय और कॉलेज शिक्षकों के लिए NEP 2020 के कार्यान्वयन" पर यूजीसी द्वारा अनुमोदित अल्पकालिक व्यावसायिक विकास कार्यक्रम में 21 से 29 सितंबर, 2022 तक भाग लिया और सफलतापूर्वक पूरा किया।

**डॉ. लोमेश्वर (सहायक आचार्य ,वनस्पति विज्ञान विभाग):**

- श्री डालिम कुमार इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय, नई दिल्ली द्वारा आयोजित "विश्वविद्यालय और कॉलेज शिक्षकों के लिए NEP 2020 के कार्यान्वयन" पर यूजीसी द्वारा अनुमोदित अल्पकालिक व्यावसायिक विकास कार्यक्रम में 21 से 29 सितंबर, 2022 तक भाग लिया और सफलतापूर्वक पूरा किया।

**डॉ. प्रियंका धरेवला (सहायक आचार्य , कंप्यूटर साइंस विभाग):**

- डॉ. प्रियंका धरेवला का "Comparative Analysis of Efficacious Metaheuristic Technique with Genetically Modified-Flower Pollination Algorithm (GM-FPA) for Test Case Prioritization in Regression Testing" नामक शोध पत्र International Journal for Research in Applied Science & Engineering Technology (IJRASET) पत्रिका में जुलाई 2022 को प्रकाशित हुआ |
- इनका "Validating Switch Variable of Flower Pollination Algorithm in Regression Test Case Prioritization" नामक शोध पत्र International Journal of All Research Education and Scientific Methods (IJARESM), पत्रिका में जुलाई 2022 को प्रकाशित हुआ |
- इन्होने Ramanujan College, University of Delhi द्वारा आयोजित 4 हफ्ते का Induction/ Orientation प्रोग्राम 20 अप्रैल से 19 मई 2022 को सफलता पूर्वक पूरा किया |

**श्री सोम कृष्ण (सहायक आचार्य, वाणिज्य विभाग):**

- सोम कृष्ण ने 31 दिसम्बर,2022 को पी एच डी का कार्य पूरा किया।
- इन्होंने हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय वाणिज्य विभाग द्वारा आयोजित (25 नवंबर 2022) एक दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार में "Socio-Economic and Environmental consequences of Hydro-Power Projects an overview" नामक पत्र प्रस्तुत किया।
- इनका पत्र "Assessment of Positive Impacts of Hydro Power Projects on Economic Development of Kinnaur District" IJNRD पत्रिका में प्रकाशित हुआ।

जयहिंद।